पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा परिणाम

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों की महत्ता, प्रासंगिकता तथा मूल्यों पर पोस्टर निर्माण प्रतिस्पर्धा का आयोजन ज्योतिष पायेङ, सहायक कुलसचिव(वित्त) के संयोजन में दिनांक 05.12.2015 को संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य, प्रो. मनोज कुमार, निदेशक, महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाज कार्य अध्ययन केन्द्र ने पेपर कैनवास पर लेखन एवं वैचारिक वक्तव्य से पोस्टर प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन किया। आयोजन में प्रो. अनिल कुमार राय, निदेशक, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र, डॉ. राकेश मिश्र, सहायक प्रोफेसर, विकास एवं शांति अध्ययन विभाग एवं बी. एस. मिरगे, जन संपर्क अधिकारी ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

उद्घाटन वक्तव्य में प्रो. मनोज कुमार ने उल्लेख किया कि ''पोस्टर कला एवं विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है, पोस्टर वैचारिक एवं ज्ञान के क्षेत्र में संचार का कार्य करता है।'' उन्होंने पेपर कैनवास पर अंकित किया कि ''पैंटिंग/कार्टून/पोस्टर अभिव्यक्ति का ऐसा सशक्त माध्यम है जिसमें सौंदर्य, कला और कल्पकार की आत्मा व्याप्ति है। हजारों पन्नों की लिखित सामग्री को रेखाओं में समेटना कठिन भी है और आनंद दायक भी।''



''जन-जन तक हो माध्यम की पहुँच... पोस्टर संप्रेषण की एक तरह का माध्यम है...'' के द्वारा प्रो. अनिल कुमार राय ने पोस्टर माध्यम की महत्ता के बारे में अपना मत व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. राकेश मिश्रा ने "Development is not only action, it is attitude also" (विकास केवल अनुयोजन ही नहीं, यह मनोदृष्टि भी है।) जैसे विचार को पैपर कैनवास पर अंकित कर सामाजिक या किसी भी विकास प्रक्रिया में अनुयोजन एवं मनोदृष्टि के अंतःसंबंध को स्पष्ट किया।

प्रतिभागियों के उत्साह से प्रतिस्पर्धा का स्वरूप कार्यशाला में तबदील हो गया। सभी प्रतिभागियों ने रंग एवं तुलिकाओं से अपने विचारों को पोस्टरों पर

प्रतिभात्मक रूप से प्रस्तुत किया। निर्णायकों ने सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों की प्रविष्टियों में से छह प्रविष्टियों को पुरस्कृत करने हेतु निम्नानुसार चयनित किया है-

क्र. सं.	प्रतिभागी का नाम	स्थान/पुरस्कार	राशि (रूपया)
1	दीप्ति ओग्रे प्रदर्शनकारी कला विभाग	प्रथम	3000/-
2	कृष्ण मोहन प्रदर्शनकारी कला विभाग	द्वितीय	2000/-
3	जैनेंद्र सिंह प्रबंधन विभाग	तृतीय	1000/-
4	किरण विजय खण्डेराव कंप्युटेशनेल भाषाविज्ञान विभाग	सांत्वना	500/-
5	विनय कुमार यादव संचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग	सांत्वना	500/-
6	राजकुमार हिन्दी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग	सांत्वना	500/-

पुरस्कार हेतु चयनित प्रविष्टियों के उपरोक्त प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पुरस्कृत किया जायेगा एवं प्रतिस्पर्धा के सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाना प्रस्तावित हैं।

-संयोजक